Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 254 ▫ रायपुर, रविवार 6 अक्टूबर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98


## सुरक्षा बल ने मुठभेड़ में 1 करोड़ 30 लाख के 16 इनामी नक्सलियों को किया ढेर, अन्य की शिनाख्त जारी



**दंतेवाड़ा,** 6 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। दंतेवाड़ा-नारायणपुर सीमा में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली, इस ऑपरेशन में जवानों ने 31 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस सफलता के बाद बस्तर पुलिस आईजी सुंदरराज पी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस ऑपरेशन की जानकारी दी, जिसमें उन्होंने बताया कि मारे गए 31 नक्सलियों में 18 पुरुष और 13 महिलाएं शामिल है। इसमें से 14 नक्सलियों की शिनाख्त हुई है, जबकि अन्य की पहचान की कोशिश जारी हैं। मारे गए नक्सलियों में 1 करोड़ 30 लाख के इनामी नक्सली भी शामिल है।

बस्तर पुलिस आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि इस ऑपरेशन में मारे गए नक्सलियों में 25 लाख रुपये की इनामी नक्सली नीति उर्फ उर्मिला भी शामिल है, जो डीकेएसजेडसी की सदस्य और पूर्वी बस्तर इंचार्ज थी। इसके अलावा, 8 लाख की इनामी डीवीसीएम और पीएलजीए कंपनी नंबर 6 के नौ कैडर भी इस मुठभेड़ में मारे गए। अब तक 15 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है, जबकि अन्य की पहचान की जा रही है।

### मुठभेड़ के दौरान बरामद हथियार

बता दें कि मुठभेड़ स्थल से सुरक्षा बलों ने एक एलएमजी, चार एके-47, छह एसएलआर, तीन इंसास, और दो .303 रायफल सहित कई अन्य हथियार बरामद किए हैं। इसके अलावा, भारी मात्रा में ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद किए गए हैं, जो इस ऑपरेशन को एक बड़ी सफलता के रूप में दर्शाता है। बस्तर पुलिस आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम, जिसमें दंतेवाड़ा और नारायणपुर के डीआरजी और एसटीएफ शामिल थे, ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। इन्हें पूर्वी बस्तर डिवीजन, पीएलजीए कंपनी नंबर 6, और इंद्रावती एरिया कमिटी के नक्सलियों की मौजूदगी की पक्की सूचना मिली थी। इसके बाद 3 अक्टूबर को ऑपरेशन शुरू किया गया और 4 अक्टूबर की दोपहर को नेंदूर-थुलथुली के जंगल में मुठभेड़ हुई।

**मारे गये नक्सलियों के नाम और पद-** नीति, डीकेएसजेडसी, सुरेश सलाम, डीवीसीएम, मीना माडकम, डीवीसीएम, अर्जुन पीपीसीएम, पीएलजीए कंपनी 6, सुंदर पीपीसीएम, पीएलजीए कंपनी 6, बुधराम, पीपीसीएम पीएलजीए कंपनी 6, सुक्कू, पीपीसीएम, पीएलजीए कंपनी 6] सोहन, एसीएम, बारसूर एसी, फूलो, पीपीसीएम, पीएलजीए कंपनी 6, बसंती, पीपीसीएम, पीएलजीए कंपनी 6, सोमे, पीपीसीएम, पीएलजीए कंपनी 6, जमीला उर्फ बुधरी, पीएम, पीएलजीए कंपनी 6, रामदेर, एसीएम, सुकलू उर्फ विजय एसीएम, जमली एसीएम, सोनू कोर्राम, एसीएम अमदेयी।

## तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलटा, 25 लोग घायल, 2 की हालत नाजुक



**कवर्धा,** 6 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। कबीरधाम जिले में रविवार सुबह बचेड़ी गांव में तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में 25 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है. सभी घायलों को लोहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बचेड़ी में रविवार सुबह करीब 7:30 के आसपास एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई. पिकअप में 30 लोग सवार थे. हादसे में 25 लोगों को चोटें आई है. घटना के तुरंत बाद घायलों को डायल 112 टीम और संजीवनी 108 एंबुलेंस की मदद से सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहारा में भर्ती कराया गया है।

## मां बम्लेश्वरी में देर रात भगदड़ मचने से बुजुर्ग महिला की मौत



**डोंगरगढ़,** 6 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। नवरात्रि में श्रद्धालु लाखों की संख्या में मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ पहुंच रहे है ऐसे में यहां भीड़ को नियंत्रित कर पाना चुनौती भरा हो गया है । ऐसी खबर है कि देर रात भगदड़ मचने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। सुरक्षा के लिए लगाए गए बेरिकेट्स भी टूट गए।

## ब्रेकिंग न्यूज

### मस्कट से आ रही फ्लाइट का रनवे पर टायर फटा, बाल-बाल बचे यात्री

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। मस्कट से 146 यात्रियों को लेकर आ रहे एक विमान का यहां शनिवार को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय टायर फट गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चेन्नई हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही यह विमान उतरा उसके ठीक बाद पीछे वाले टायरों में से एक फट गया। इस विमान की वापसी उड़ान को रद्द कर दिया गया है तथा सभी यात्रियों को शहर के विभिन्न होटलों में ठहराया गया है।

### मुंबई की एक पांच मंजिला इमारत में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। मुंबई की एक पांच मंजिला भवन में भीषण आग लग गई। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि शनिवार रात हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और बाद में आग पर काबू पा लिया गया था। उन्होंने बताया कि सेवरी इलाके में भारत इंडस्ट्रियल एस्टेट में शनिवार रात 10 बजकर 21 मिनट पर आग लगी। आग इमारत की तीसरी मंजिल पर दो दुकानों तक ही सीमित रही। सूचना पर तुरंत दमकल की गाड़ियां, पानी के टैंकर, एंबुलेंस और अन्य सहायता घटनास्थल पर पहुंची।

### आग से झुलसकर पटाखा फैक्टरी संचालक और उसके बेटे की मौत

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के असोथर थाना क्षेत्र में एक पटाखा फैक्टरी के संचालक और उसके नाबालिग बेटे बारूद में आग लग जाने से झुलस गये और उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी।

पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी शनिवार को दी। फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) धवल जायसवाल ने शनिवार को बताया कि खागा कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले चांद बाबू (42) की असोथर थाना क्षेत्र के सातों धर्मपुर गांव में लाइसेंसी पटाखा फैक्टरी है। शुक्रवार की शाम पटाखा बनाने का काम बंद कर वह अपने 15 साल के बेटे आशियान के साथ पटाखा बनाने में इस्तेमाल होने वाली बारूद लगी रस्सी (डोरी) को खेतों में जाकर लोहे के औजार से काट रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसी दौरान चिंगारी निकलने से उनके शरीर में लगी बारूद में आग लग गई, जिससे पिता-पुत्र गंभीर रूप से झुलस गए। उन्होंने बताया कि परिजनों ने चांद बाबू और उसके बेटे आशियान को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया था, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की रात आशियान की मौत हो गई और शनिवार की दोपहर चांद बाबू ने भी दम तोड़ दिया। एसपी ने बताया कि परिजनों ने बिना पुलिस को सूचित किए ही आशियान का अंतिम संस्कार कर दिया था, जबकि चांद बाबू के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा, पटाखा फैक्टरी में कोई विस्फोट नहीं हुआ, पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## आज देश की जो स्थिति है वो पीएम की राजनीति की वजह से है : खेड़ा




### मोदी के बयान पर किया पलटवार

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस का एजेंडा देश को बांटना है। खेड़ा ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें अपनी राजनीति ठीक करने की सलाह दी। इसी के साथ खेड़ा ने यह भी कहा कि आज देश की जो स्थिति है वो पीएम की राजनीति की वजह से है।

पवन खेड़ा ने कहा, %जो आदमी लोगों को कपड़ों, भाषा और खान-पान के आधार पर बांटता है, उनकी पूरी राजनीति लोगों को बांटने और विवाद पैदा करने पर रही है, उनके मुंह से ऐसे शब्द सुनकर आश्चर्य होता है। कृपया पीएम से कहें कि पहले अपनी राजनीति ठीक करें और फिर वह देश को बदल सकते हैं। आपकी राजनीति की वजह से ही देश आज ऐसी स्थिति में है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मुंबई के ठाणे में 32,800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने पहुंचे था। इसके साथ उन्होंने मुंबई मेट्रो लाइन-3 के बीकेसी से आरे जेवीएलआर खंड का उद्घाटन किया, जिसकी लागत लगभग 14,120 करोड़ रुपये है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि उनका और उनके साथियों का एक ही मिशन है, समाज को बांटो और सत्ता पर कब्जा करो। पीएम ने कहा, %कांग्रेस जानती है कि उनका वोट बैंक तो एक रहेगा, लेकिन बाकी लोग आसानी से बंट जाएंगे। कांग्रेस और उनके साथियों का एक ही मिशन है, समाज को बांटो और सत्ता पर कब्जा करो। इसलिए हमारी एकता को ही देश की ढाल बनाना है, हमें याद रखना है कि अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे। हमें कांग्रेस और अघाड़ी वालों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देना है।

## सरगुजा की बेटी पहुंची एशियन चैंपियनशिप में

### मिनी गोल्फ में किया प्रदेश का नाम रौशन



**अंबिकापुर,** 6 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। शहर की मिनी गोल्फ खिलाड़ी शिवानी सोनी का चयन थाइलैंड में आयोजित एशियन चैंपियनशिप के लिए हुआ है. प्रतियोगिता 8 से 15 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी. छत्तीसगढ़ से एकमात्र महिला प्रतिभागी के शामिल होने से परिवार-दोस्तों और साथी खिलाड़ियों के साथ शहर के खेल प्रेमियों में खुशी देखने को मिल रही है.

शिवानी ने बताया कि शहर के गांधी स्टेडियम में स्थित बास्केटबॉल मैदान में प्रेक्टिस करती हैं. यहां स्थानाभाव की कमी झलकती जरूर है, लेकिन कोई दूसरा ऑप्शन उनके पास नहीं है, जहां वे प्रैक्टिस कर सकें. ऐसे में स्वयं अपना मैदान तैयार करके निरंतर अभ्यास की बदौलत ऑल इंडिया स्तर पर बेस्ट प्लेयर का अवार्ड हासिल किया. शिवानी इसके पहले चाइना मिनी गोल्फ में वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिभागी रही हैं, जहां वीमेंस टीम में 9वां रैंक मिला था. वहीं स्वीडन में हुए मिनी गोल्फ चैंपियनशिप में 7वां रैंक उन्होंने हासिल किया था. दो वर्ष राजस्थान में ऑल ओवर इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में प्रतिभागी रहते हुए सिंगल स्ट्रोक इवेंट में शिवानी ने गोल्ड मेडल हासिल किया था. शिवानी को ऑल इंडिया बेस्ट प्लेयर अवार्ड, एकलव्य बेस्ट इंटरनेशनल प्लेयर अवार्ड भी मिल चुका है.

## नकली आभूषण गिरवी रख बैंक से 39 लाख की ठगी



**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक निजी सहकारी बैंक में नकली आभूषण गिरवी रखकर 39.25 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने 22 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोपियों ने नवंबर 2020 से नवंबर 2021 के बीच मुंब्रा इलाके में बैंक की शाखा से आभूषण गिरवी रखकर लोन लिया था। कुछ आरोपियों ने कई लोन लिए थे। मुंब्रा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि बाद में ऑडिट और निरीक्षण के दौरान पता चला कि गिरवी रखे गए आभूषण नकली हैं। उन्होंने बताया कि बैंक अधिकारी की शिकायत के आधार पर बृहस्पतिवार को 22 लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 420 (धोखाधड़ी), 409 (आपराधिक विश्वासघात) और 34 (समान इरादे से कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कृत्य) के तहत मामला दर्ज किया गया।

### सीएसआर फंड का वादा कर व्यवसायी से 32 लाख रुपये ठगे, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सीएसआर फंड हासिल करने के नाम पर एक कारोबारी से 32 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी की गई। इस मामले में आंध्र प्रदेश के तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि शिक्षा सेवा कंपनी चलाने वाले कारोबारी की शिकायत के आधार पर कल्याण पुलिस ने शुक्रवार को भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत फ र्जी वा ड़ा, धोखाधड़ी, विश्वासघात और अन्य आरोपों में मामला दर्ज किया। उन्होंने आगे बताया कि धोखाधड़ी अप्रैल और जून 2017 के बीच हुई थी। अधिकारी ने बताया कि विशाखापट्टनम के रहने वाले आरोपी रतनलाल वेणु गोपालराव और साहूकारी सुनीत शेखर तथा मुंबई निवासी श्रावणी रमेश रेड्डी ने शिकायतकर्ता के लिए सीएसआर फंड सुरक्षित करने का वादा किया था। उन्होंने बताया कि तीनों ने कथित तौर पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और एक प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी के दस्तावेज पेश किए। उन्होंने खुद को आरबीआई का प्रतिनिधि बताया और पीड़ित के लिए पांच करोड़ रुपये के सीएसआर फंड का प्रबंधन करने की पेशकश की। आरोपी ने कारोबारी से सीएसआर फंड हासिल करने के लिए 32 लाख रुपये मांगे थे।

## मध्य गाजा में एक मस्जिद पर इजराइली हवाई हमले में कम से कम 18 की मौत



**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। मध्य गाजा में एक इजराइली हवाई हमले में रविवार तड़के कम से कम 18 लोगों की मौत हो गयी। फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अल-अक्सा शहीद अस्पताल ने एक बयान में बताया कि 'देर अल-बला' शहर में स्थित अस्पताल के समीप मस्जिद में शरण लेने वाले विस्थापित लोगों पर हमला किया गया।

'एसोसिएटेड प्रेस' के एक पत्रकार ने अस्पताल के मुर्दाघर में शवों की गिनती की। अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि सभी मृतक पुरुष थे। दो अन्य पुरुष गंभीर रूप से घायल हैं। इजराइली सेना ने अभी मस्जिद पर हमले के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन ताजा हमलों से गाजा में फलस्तीनियों की मृतक संख्या अब 42,000 के करीब पहुंच गयी है। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि इनमें से कितने आम नागरिक और आतंकवादी हैं, लेकिन मृतकों में कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

## दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पंजाब में मारी रेड, 10 करोड़ की कोकीन बरामद



**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। दिल्ली में 5,600 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामदगी के मामले में जब तार पंजाब से जुड़े, तो दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पंजाब में छापे मारे।इन छापों के दौरान पुलिस ने 10 करोड़ रुपये की कोकीन और एक फॉर्च्यूनर कार जब्त की। यह कार्रवाई अमृतसर के नेपाल गांव में की गई थी, जहां से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई थी। स्पेशल सेल ने अमृतसर एयरपोर्ट से जितेंद्र उर्फ जस्सी को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर ही 10 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद की गई।

दिल्ली में पकड़े गए ड्रग्स के मामले में दुबई का भी हाथ है। भारतीय नागरिक वीरेंद्र बसोया, जो दुबई में मौजूद है, इस इंटरनेशनल सिंडिकेट का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने उसके और उसके बेटे के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। बता दें कि वीरेंद्र बसोया ड्रग्स के मामले में पहले भी भारत में गिरफ्तार हो चुका है। जमानत मिलने के बाद वह दुबई चला गया और वहां इंटरनेशनल ड्रग्स कार्टेल का बड़ा माफिया बन गया। स्पेशल सेल की जांच में यह भी सामने आया है कि ड्रग्स सिंडिकेट का मास्टरमाइंड तुषार गोयल और वीरेंद्र बसोया पुराने दोस्त हैं।

दिल्ली पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी ड्रग्स खेप पकड़ी है, जिसमें 560 किलो से ज्यादा कोकीन और 40 किलो हाइड्रोपोनिक मारिजुआना शामिल है। इन ड्रग्स की अनुमानित कीमत करीब 5,620 करोड़ रुपये बताई गई है, जो इसे एक बेहद गंभीर मामला बनाती है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें तुषार गोयल, हिमांशु कुमार, औरंगजेब सिद्दीकी और मुंबई निवासी भरत कुमार जैन शामिल हैं। यह मामला ड्रग्स के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की गंभीरता को उजागर करता है और पुलिस की कार्रवाई को सही ठहराता है।